भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2876

28 मार्च, 2022 को उत्तर के लिए

इस्पात क्षेत्र में कौशल विकास बढ़ाना

2876. श्री इरण्ण कडाडि:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या द्वितीयक इस्पात क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए कोई योजना आरंभ की गई है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) इस द्वितीयक इस्पात क्षेत्र की विनिर्दिष्ट विशेषताएँ क्या हैं; और

(घ) इस क्षेत्र में कौशल विकास को बढ़ाने के लिए और क्या योजनाएँ हैं?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह)**

(क) और (ख): जी नहीं।

(ग): द्वितीयक इस्पात क्षेत्र में निम्नलिखित का उत्पादन करने वाले विभिन्न खंड उद्योग (उप-क्षेत्र) शामिल हैं: स्पंज आयरन, इलैक्ट्रिक आर्क फर्नेस (ईएएफ), इंडक्शन फर्नेस (आईएफ) इकाइयां, री-रोलिंग मिल्स, कोल्ड रोलिंग मिल्स, गेल्वेनाइजिंग इकाइयां, वायर ड्राईंग इकाइयां, टिनप्लेट उत्पादक आदि। प्रत्येक उप-क्षेत्र कई खंडों में है, लेकिन एक-दूसरे से परस्पर संबद्ध है और साथ में, वे मूल्यवर्धित इस्पात उत्पादों की व्यापक विविधता संबंधी देश की मांग को पूरा करते हैं।

कम पूंजी निवेश, कम समग्र पर्यावरणीय प्रभाव, कम उपरिव्यय, वर्गों की उच्च विविधता और ग्राहकों से समीपता इस क्षेत्र के कुछ प्रमुख गुण हैं।

(घ): वर्तमान में, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ सेकेंडरी स्टील टेक्नोलॉजी (एनआईआईएसटी) जैसे संस्थान इस क्षेत्र को अपनी ऊर्जा दक्षता में सुधार लाने, उत्पादकता में सुधार लाने, लागत को कम करने, गुणवत्ता में सुधार लाने और पर्यावरण पर प्रभाव को कम करने के लिए कौशल विकास में सहायता प्रदान करते हैं।

****